# आदर्श विद्या मंदिर की छात्रा दीपिका कुमावत व प्रधानाचाय भगवान सहाय कुमावत को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

दामोदर कुमावत

**हमारा समाचार**

फुलेरा । विद्या भारती राजस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार को विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप सभागार मेंआयोजित हुआ, विद्या भारती राजस्थान के संगठन मंत्री शिवप्रसाद ने बताया किमाध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा 2024 में विद्या भारती राजस्थान के 47 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जोधपुर के बडा रामद्वारा के स्वामी परमहंस राम प्रसाद महाराज के सानिध्य में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में सांभर लेक सेठ हरीकिशन सोमानी आदर्श विद्या मंदिर स्कूल की छात्रा दीपिका कुमावत दसवीं बोर्ड परीक्षा में 98प्रतिशत प्राप्त करने पर तथा स्कूल के प्रधानाचार्य भगवान सहाय कुमावत को भी 30 जून 2024 को जयपुर स्थित विद्याश्रम स्कूल में




आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर, जिला कलेक्टर बाड़मेर निशांत जैन एवं ओमप्रकाश कसेरा विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर विद्या भारती राजस्थान की 47 प्रतिभाओं का सम्मान मुख्यमंत्री भजन लाल एवं शिक्षा मंत्री मदन



दिलावर द्वारा किया गया। कार्यक्रम विद्या भारती राजस्थान के पदाधिक एवं नागरिक उपस्थित थे

निर्भीक और निष्पक्ष
आपके लिए, आपके साथ
dainiknavajyoti.com

# राज्य सरकार प्रतिभाओं को तराशकर हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रयत्नशील: मुख्यमंत्री

## विद्या भारती द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



नवज्योति, जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का आधार है। यह हमें चुनौतियों का मुकाबला करने और सफलता की सीढ़ियां चढ़ने के काबिल बनाती है। वर्तमान समय में पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करने की बजाय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर करने वाली शिक्षा की आवश्कता है। शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने भविष्य का निर्माण करता है बल्कि राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। शर्मा शनिवार को विद्या भारती राजस्थान की ओर जयपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विद्या भारती संगठन के विद्यालयों के 47 विद्यार्थियों, उनके प्रधानाचार्यों और अभिभावकों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों पर अपनी महत्वाकांक्षाएं थोपने के बजाए उनकी रूचि को पहचान कर आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए तथा विद्यार्थियों को भी असफलता से घबराने की बजाय उनसे सीख लेकर मजूबती से आगे बढ़ना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की है जो रटने की बजाय समझने पर जोर देती है इसमें बच्चों के रचनात्मक कौशल के विकास पर ध्यान दिया जाता है। राज्य सरकार प्रदेश में प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी में जिम्मेदार नागरिक होने का कर्त्तव्यबोध होना चाहिए। हम देश और समाज के प्रति हमारे कर्त्तव्य को निभाए और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उत्थान कर पंडित दीनदयाल उपध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करे। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, संत रामप्रसाद, विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर, विद्या भारती राजस्थान के अध्यक्ष भरतराम कुम्हार सहित विद्या भारती संगठन के पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद थे।

जयपुर, रविवार, 30 जून, 2024 राजस्थान पत्रिका
SUNDAY 29
patrika.com

# मेधावी छात्रा का सीएम ने किया सम्मान



मेधावी छात्रा का सम्मान करते सीएम।

**सांभरलेक@ पत्रिका** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्राम ईरोलाव (सांभर) की रहने वाली दीपिका कुमावत पुत्री राधेश्याम कुमावत का दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में 98% अंक हासिल करने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। प्रधानाचार्य भगवान सहाय कुमावत को भी सम्मानित किया गया।

# छात्रा व प्रधानाचार्य को सीएम ने किया सम्मानित



**सांभरलेक।** जयपुर में विद्या भारती राजस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार को विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप सभागार में हुआ। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा 2024 में विद्या भारती राजस्थान के 47 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांभरलेक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल की छात्रा दीपिका कुमावत को दसवीं बोर्ड परीक्षा में 98% प्राप्त करने पर तथा स्कूल के प्रधानाचार्य भगवान सहाय कुमावत को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री



निर्वाण तिथि- 30 जून, 2017

मनफूली जलुथरिया (पत्नी) ( पूर्व सर

(प्रो. पंचशील पेट्रोल पम्प), अजय

# आदर्श विद्या मंदिर की छात्रा और शिक्षक को किया सम्मानित



न्यूज सर्विस/नवज्योति, सांभरलेक। जयपुर में विद्या भारती राजस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार को जयपुर में हुआ। विद्या भारती के संगठन मंत्री शिवप्रसाद ने बताया कि 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में विद्या भारती राजस्थान के 47 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जोधपुर के बड़ा रामद्वारा के स्वामी परमहंस राम प्रसाद महाराज के सानिध्य में यह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सांभरलेक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल की छात्रा दीपिका कुमावत को दसवीं बोर्ड में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर तथा स्कूल प्रधानाचार्य भगवान सहाय कुमावत को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सम्मानित किया।